O/C

प्रेषक,

(फूल चन्द्र कुशवाहा)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
(त्वरित न्यायालय कोर्ट सं0–1),
महराजगंज।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद (प्रयागराज)।

द्वारा– श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
महराजगंज।

विषयः उच्चतर न्यायिक सेवा में पदभार ग्रहण करने के पूर्व की गयी अभियोजन विभाग की सेवा को पेंशन के परिलाभों हेतु वर्तमान सेवा के साथ योजित/जोड़े जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की विज्ञप्ति सं0–844/एडमिन (सर्विसेज)/2020 दिनांकित 17 मार्च, 2020 के अनुपालन में प्रार्थी ने दिनांक 19.03.2020 को जनपद लखनऊ में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था। इसके पूर्व प्रार्थी अभियोजन विभाग उ0प्र0 में भर्ती वर्ष–2002 विज्ञापन सं0ः ए–4/ई–1/2002 के तहत सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर चयनित होकर दिनांक 11 अप्रैल, 2005 को कार्यभार ग्रहण किया था। प्रार्थी अभियोजन विभाग से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। प्रार्थी द्वारा दिनांक 11 अप्रैल, 2005 में निरन्तर बिना किसी रूकावट के सेवाएं की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा जारी शासनादेश संख्या–14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1) 2024 दिनांक 28 जून, 2024 एवं 20/2024/सा–3–276/दस–2024/301(1)/2024 दिनांक 11 जुलाई, 2024 के द्वारा दिनांक 28.03.2005 से पूर्व विज्ञाप्ति पदो के लिए पुरानी पेंशन योजना को चयन करने का विकल्प प्रदान किया गया है। प्रार्थी द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन को उपरोक्त शासनादेश के क्रम में पुरानी पेंशन योजना के चयन हेतु निवेदन पत्र एवं विकल्प पत्र दिनांक 26.07.2024 को प्रेषित किया जा चुका है।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि मेरे द्वारा अभियोजन विभाग में की गयी सेवा को पेंशन परिलाभो हेतु वर्तमान उच्चतर न्यायिक सेवा के साथ योजित/जोड़ने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

दिनांक–29.07.2024

भवदीय,

29.07.2024

(फूल चन्द्र कुशवाहा)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
(त्वरित न्यायालय कोर्ट सं0–1),
महराजगंज।

संलग्नकः
1.अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन को प्रेषित पत्र की प्रति,
2.पुरानी पेंशन योजना का विकल्प पत्र,
3.ए0पी0ओ0 का नियुक्ति पत्र,
4.ए0पी0ओ0 कार्यभार प्रमाण पत्र,
5.अभियोजन विभाग से कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र,
6.अपर जिला न्यायाधीश के पद का कार्यभार प्रमाण पत्र।

कार्यालय जिला न्यायाधीश,
महराजगंज
संख्या 704/II दिनांक 30.07.2024
अग्रसारित,
30.07.24
जिला न्यायाधीश,
महराजगंज